हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

04 आशुतोष त्यागी का अपने गृह गांव में समारोह...



05 योजनाओं के पात्रों को न काटना पड़े दफ्तरों...





## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों को बस किराये में 50 प्रतिशत छूट

**सीहोर।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें।

### सभी वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश

**सीहोर।** उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा परिवहन विभाग को जिले के समस्त वाहनों में 06 माह के भीतर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के निर्देश दिए गए है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समस्त शासकीय एवं अशासकीय वाहनों में एचएसआरपी 06 माह में अनिवार्य रूप से लगाई जाना सुनिश्चित किया जाए। न्यायालय द्वारा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व निर्मित एवं पंजीकृत वाहनों पर तीसरे रजिस्ट्रेशन चिन्ह सहित हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के संबंध में प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

### कोहरे के बीच सर्द हवाओं ने ठिठुराया, 70 मीटर रही विजिबिलिटी

# रुक-रुक हुई बूंदाबांदी, छाया घना कोहरा ठंड और मावठे से फसलों की बढ़ेगी ग्रोथ

कंपकंपा देने वाली ठंड में लोग गर्म कपड़े पहनकर बाजार में निकले। सुबह 11 बजे तक बाजार में आधी दुकानें खुली। दिनभर शहर में बादल छाए रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। बादलों के बीच कोहरा छाया है। शहर समेत जिले के अलग-अलग हिस्सों में दिन भर रूक_रूक कर बूंदाबांदी और हल्की बारिश हुई। तापमान में गिरावट दर्ज की गई। कोहरे के कारण हाईवे पर सुबह से 70 मीटर विजिबिलिटी रही। वहीं सर्द हवाओं से वातावरण में ठिठुरन बढी है। कंपकंपा देने वाली ठंड में लोग गर्म कपड़े पहनकर बाजार में निकले। सुबह 11 बजे तक बाजार में आधी दुकानें खुली। दिनभर शहर में बादल छाए रहे। वहीं वातावरण में धुंध रही। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण बादल छाए हुए हैं। ठंडी हवा चल रही है। शुक्रवार को भी जिले के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी होने की संभावना है।

#### दिन के तापमान में आई 4 डिग्री की गिरावट

बादल छाने और सर्द हवाएं चलने से सागर के दिन और रात के तापमान में गिरावट आई है। पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वहीं रात के पारे में 0.5 डिग्री की कमी आई है।

गुरुवार सुबह से अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम पारा 11.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में हरियाणा पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश से दक्षिण-पश्चिमी मध्य प्रदेश तक एक द्रोणिका बनी हुई है।

हवाओं का रुख अभी उत्तरी और उत्तर-पूर्वी बना हुआ है। उत्तर भारत की तरफ से हवाओं के साथ कोहरा भी आ रहा है। इस कारण से प्रदेश समेत सागर में कोहरा छा रहा है।

#### शीतघात और शीत लहर से बचने की अपील

सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डहेरिया ने बताया कि शीतघात व शीत लहर को लेकर लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में सर्दी, जुकाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाईपोथर्मिया, अस्थमा, एलर्जी का डर रहता है। शीतघात से लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है।

#### फसलों की ग्रोथ बढ़ेगी, मावठा अमृत समान

इस साल बीते महीने में ठंड नहीं पड़ने और मावठा नहीं गिरने से फसलों की ग्रोथ नहीं हो पा रही थी। लेकिन नए साल में मावठे की बारिश होने और ठंड बढ़ने से फसलों की ग्रोथ बढ़ेगी। जिससे पैदावार में इजाफा होगा। साथ ही जो किसान सिंचाई कर रहे हैं। उन्हें सिंचाई भी नहीं करना पड़ेगी।

## सूर्य देव 15 जनवरी को मकर राशि में करेंगे गोचर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सूर्य का मकर राशि में गोचर 15 जनवरी को 2.32 बजे होगा। भारतीय ज्योतिष में सूर्य देव को सभी ग्रहों का स्वामी माना गया है और ऐसे में सूर्य देव के गोचर के कारण सभी राशियों पर इसका मिलाजुला असर होगा। महाकाल ज्योतिष केंद्र संचालक पंडित संजय शास्त्री के मुताबिक, जिन लोगों की कुंडली में मेष या सिंह राशि में सूर्य मजबूत स्थिति में होता है उन्हें करियर के संबंध में हर तरह के लाभ प्राप्त होते हैं।

#### मेष राशि वालों की होगी पदोन्नति

मेष राशि के जातकों के लिए सूर्य पंचम भाव के स्वामी है। सूर्य के मकर राशि में राशि परिवर्तन से मेष राशि को शुभ परिणाम मिलेंगे। करियर में सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरियों में भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। मेष राशि के जातकों के लिए करियर के संबंध यह अच्छा समय होगा। विदेश यात्रा का भी योग बन सकता है। इस दौरान पैरों में दर्द, जोड़ों में अकड़न जैसी समस्याएं हो सकती हैं। मेष राशि वालों को सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए 'ॐ सूर्याय नमः' का रोजाना 19 बार जाप करना चाहिए।

#### वृषभ राशि को संपत्ति में होगा लाभ

वृषभ राशि के जातकों के लिए सूर्य देव चतुर्थ भाव का स्वामी होकर नवम भाव में स्थित रहेंगे। सूर्य का मकर राशि में गोचर वृषभ राशि वालों को अचल संपत्ति में लाभ हो सकता है। करियर के मामले में इस दौरान भाग्यशाली हो सकते हैं।

नई नौकरी में अच्छी आय हो सकती है। साझेदारी में व्यवसाय शुरू कर सकते हैं और इसमें अच्छा लाभ हो सकता है। स्वास्थ्य के मामले में लाभ होगा। पुरानी बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। वृषभ राशि वालों को सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए सूर्य देव को जल चढ़ाना चाहिए।

## जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद की पूर्ति के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी

**सीहोर।** जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद की पूर्ति के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम में मतदान एवं मतगणना, सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणम की घोषणा की तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 जनवरी 2024 प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3.00बजे तक, नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा 8 जनवरी 2024 को प्रातः 10.30 बजे से, अभ्यर्थि से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 10 जनवरी अपरान्ह 3.00 बजे तक निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन 10 जनवरी को नाम वापसी के ठीक बाद, मतदान 27 जनवरी को प्रातः 7.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बज तक जिला पंचायत सदस्य की विकासखण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से की जाने वाली मतों की गणना 30 जनवरी को प्रातः 8.00 बजे से और सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणम की घोषणा 31 जनवरी 2024 को प्रातः 10.30 बजे से कि जायेगी।

## अंधेकत्ल का पर्दाफाश : साहिल को चाकूओं से घोंपकर मार डाला फिर शव को पेट्रोल डालकर जलाकर बाइक को बावड़ी में फेंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



थाना कोतवाली के तहत दो जनवरी को सूचना मिली थी कि हड्डी मील के पास, कब्रस्तान के पीछे पुलिया के पास एक अधजला शव पडा है। पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया था। जांच में मृतक की शिनाख्त साहिल अली पिता रेहमत अली उम्र 22 साल निवासी दाल मील के पास मंडी के रुप में हुई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिये जा रहे थे। इसी क्रम में मृतक के रिश्तेदारों और दोस्तों से पूछताछ की गयी। पूछताछ के आधार पर ज्ञात हुआ कि मृतक हड्डी मील के पास ही रहने वाली एक युवती से बातचीत करता था। उक्त युवती से पूछताछ के आधार पर ज्ञात हुआ कि मृतक 31 दिसंबर को रात्रि में उससे मिलने आया था।

प्रकरण में मुखबिर सूचना के आधार पर जानकारी प्राप्त हुई कि उसी रात्रि को युवती का पूर्व प्रेमी साजिद भी मोहल्ले में देखा गया था। प्रकरण में साजिद से पूछताछ करने पर उसके द्वारा घटना दिनांक को रात्रि को मृतक साहिल को अपनी पूर्व प्रेमिका से मिलते देखना और इसी वजह से अपने अन्य साथी जुबेर के साथ मिलकर हड्डी मील के सामने रोड पर छुरा मारकर उसकी हत्या करना स्वीकार किया। हत्या के बाद उसने अपने एक अन्य साथी आमिर पोलियो के साथ मिलकर मृतक साहिल अली की लाश को पेट्रोल डालकर कब्रिस्तान के पीछे पुलिया के पास जला दिया। इसके बाद उसकी बाइक को चोपडे वाली मस्जिद के पीछे बनी बावडी में फेंक दिया था। प्रकरण में सीएसपी निरंजनसिंह राजपूत के नेतृत्व में कोतवाली टीम ने आरोपियों के संभावित रहवास स्थलों पर दबिश देकर साजिद, जुबेर और आमिर पोलियो को भोपाल से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपियों से मृतक की मोबाइल, मोटरसाईकिल घटना में प्रयुक्त छुरा और आरोपीगण द्वारा इस्तेमाल की गयी स्कूटी को जब्त किया गया है।

**आमिर पोलियो पर दर्ज है 18 प्रकरण :** आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड-आरोपी आमिर पठान उर्फ पोलियो के विरुद्ध हत्या का प्रयास, डकैती की योजना, बलात्कार, मारपीट, सट्टा, जुआ सहित कुल 18 प्रकरण पंजीबद्ध है।

## पूर्व सीएम उमा भारती ने किए गजानन के दर्शन, बोलीं- उन्हें 6 दिन पहले अयोध्या आने को कहा गया है



**सीहोर।** पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती गुरुवार को सीहोर पहुंचीं। उन्होंने प्रसिद्ध गणेश मंदिर में पूजन-अर्चन किया। इस दौरान उन्होंने शाजापुर कलेक्टर को हटाए जाने को लेकर बात की।

उन्होंने कहा है कि शाजापुर के कलेक्टर ने जिस तरह से बैठक में व्यवहार किया था, उसे मामले में वह सिर्फ इतना ही कहेंगी कि गवर्नमेंट सर्वेंट तो सरकार और जनता के सेवक होते हैं, उन्हें अच्छी तरह से लोगों से व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनको 6 दिन पहले अयोध्या बुलाया गया है, इसलिए वह 6 दिन पहले ही अयोध्या पहुंच जाएंगी। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज तिलक से वनवास के मामले में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह उनकी प्रवक्ता नहीं हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, मंडी थाना पुलिस जांच में जुटी, पटरी पर मिला शव

**सीहोर।** देर रात रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। मंडी पुलिस ने मर्ग कायम कर पहचान शुरू कर दी है। दरअसल, बीती रात करीब तीन बजे मंडी पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के पास श्रीराम कॉलोनी के पीछे पटरी पर एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव पड़ा है। लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति का शरीर ट्रेन की चपेट में आकर टुकड़े-टुकड़े हो गया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर उसकी पहचान शुरू कर दी है।

मामले में मंडी थाना प्रभारी जगदीश सिंह सिद्धु ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है, फिलहाल शव की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## घायल व्यक्ति की जान बचाने पर मिलेगा 5 हजार का पुरस्कार

**सीहोर।** भारत सरकार के भूतल परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा दुर्घटना होने पर घायलों की जान बचाने तथा शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए गुड सेमीरिटन नेक व्यक्ति योजना संचालित की जा रही है। दुर्घटना मे घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल पहुचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वार पूछताछ नहीं की जायेगी, जान बचने पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रूपये का पुरूस्कार कलेक्टर की अध्यक्षता मे गठित समिति के निर्णय के पश्चात दिया जायेगा। सडक दुर्घटनाओं की जानकारी आईरैड एप के माध्यम से संकलित की जाती है एप मे घटना की लाईव एंट्री, घटना के वाहन नंबर, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट की जानकारी दर्ज की जाती है।

## पॉजिटिव युवती के कांटेक्ट ट्रेसिंग वाले सभी की रिपोर्ट निगेटिव

**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि दो दिवस पूर्व सीहोर से कोविड-19 के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल (एम्स) भेजे गए सभी 43 सैम्पल की प्राप्त रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई है।

गुरुवार को 4 सैम्पल जांच के लिए भेजे गए हैं। जिनकी रिपोर्ट आनी शेष है। दो दिवस पूर्व संक्रमित युवती के कांटेक्ट टेसिंग वाले सभी व्यक्तियों की रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि मौसमी बीमारियों के दृष्टिगत साधारण सर्दी जुकाम वाले रोगी भी कोविड-19 के लक्षण के साथ ओपीडी में उपस्थित हो सकते है इसलिए ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों को भी कोविड सैम्पल जिला चिकित्सालय स्थित फीवर क्लीनिक में कराना चाहिए।

### कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में 22 जनवरी को होगा आयोजन

# कुबेरेश्वरधाम में दिखेगी अयोध्या प्राण-प्रतिष्ठा की झलक, मंदिर में जलाए जाएंगे 51 हजार दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आगामी 22 जनवरी को अयोध्या की तरह जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की झलक देखने को मिलेगी, मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार कई कार्यक्रम कराए जाएंगे, इसे लेकर तैयारियां की जा रही है। 22 जनवरी सोमवार को सुबह बाबा की विशेष आरती की जाएगी और उसके पश्चात भंडारे के अलावा दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गत दिनों भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि अनोखे ढंग से 22 जनवरी के दिन को मनाया जाएगा ताकि हर व्यक्ति के मन में इस दिन के प्रति जोश और उत्साह बढ़े इस पर काम किया जा रहा है। भगवान श्री राम हम सब के आदर्श है, 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने पर मनाई गई दीपावली की तर्ज पर 500 वर्षों के लंबे समय के बाद हो रही प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में 22 जनवरी को घर-घर दीपावली मनाई जाए। इसके लिए पंडित श्री मिश्रा ने सभी क्षेत्रवासियों और देशवासियों से कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा का महोत्सव आस्था के साथ मनाए। श्री राम के महत्व को लोगों को समझाया है। भगवान राम ने कई ऐसे महान कार्य किए हैं जिसने सनातन धर्म को एक गौरवमयी इतिहास प्रदान किया है। भगवान विष्णु ने राम बनकर असुरों का संहार करने के लिए पृथ्वी पर जन्म लिया। भगवान श्री राम ने मातृ-पितृ भक्ति के चलते अपने पिता राजा दशरथ के एक आदेश पर 14 वर्ष तक वनवास काटा। नैतिकता, वीरता, कर्तव्यपरायणता के जो उदाहरण भगवान राम ने प्रस्तुत किए वह बाद में मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक बन गए। 22 जनवरी को कुबेरेश्वरधाम पर लगेगा भक्तों का कुंभ विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कुबेरेश्वरधाम पर गुरुदेव के आदेशानुसार भव्य तैयारियां की जाएगी।

इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पर आऐंगे और करीब 51 हजार दीपों से धाम को रोशन किया जाएगा। इसके अलावा भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। हर रोज हजारों श्रद्धालु कर रहे पूजा अर्चना जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर गुरुवार को यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और रुक्मणी अष्टमी का पर्व मनाया गया। नियमित रूप से पूजा अर्चना और भगवान की आरती की गई थी। इस मौके पर पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि अष्टमी को ही माता लक्ष्मी ने देवी रुक्मिणी के रूप में जन्म लिया था।

## वृद्धजन शिविर के तहत 60 व्यक्तियों को दी गई स्वास्थ्य सेवाएं



**सीहोर।** जिला चिकित्सालय में गत दिवस आयोजित वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर में 60 व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि गत दिवस जिला चिकित्सालय में प्रातः 10.00 बजे से निःशुल्क वृद्धजन शिविर का आयोजन अमेरिकन आईसीयू में किया गया।

सिविल सर्जन डॉ.प्रवीर गुप्ता ने जानकारी दी कि शिविर में समस्त प्रकार की जांच सुविधाएं, फिजियोथेरेपी सेवाएं, हड्डी रोग से संबंधित सेवाएं, आंख,कान, गला रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, महिला विशेषज्ञ सेवाएं, लैब जांच, मानसिक विकार रोग की सेवाएं प्रदान की जाएगी तथा जरूरी दवाओं का वितरण किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य विशेषज्ञों एवं मेडिकल ऑफिसर, पेरामेडिकल स्टॉफ ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

## समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है।

# आशुतोष त्यागी का अपने गृह गांव में समारोह पूर्वक किया सम्मान




**सीहोर**। गांव टिटोरा में लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा में टॉप कर डीएसपी पद पर चयनित आशुतोष त्यागी का ग्रामीण जनों ने सांची दूध उत्पादक समिति टिटोरा के तत्वाधान में गरिमामय समारोह मैं सम्मान किया गया। ग्रामीण जनों एवं समिति के सदस्यों ने श्री त्यागी को शाल, श्रीफल व पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष घनश्याम त्यागी पूर्व सरपंच देवकीनंदन त्यागी पूर्व सरपंच राजेश त्यागी भाजपा नेता कमलेश त्यागी उपसरपंच प्रदीप त्यागी समिति सचिव अशोक त्यागी उपाध्यक्ष रोशन लाल त्यागी सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## श्री रणजीत हनुमान अष्टमी के पर्व पर निकाली यात्रा



**इछावर**। गुरुवार को नगर में श्री रणजीत हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर चित्रांश राठी द्वारा भव्य निशान यात्रा निकाली गई यात्रा ग्राम देवी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंची जहां पर समापन हुआ यात्रा में पंडित आनंद जी शुक्ला,पंडित राजेंद्र शर्मा , पंडित हिमांशु त्रिवेदी ,विष्णु वर्मा , ज़िला उपाध्यक्ष कैलाश सुराना ,नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ,पार्षद शिशिर राठी , मनीष विश्वकर्मा ,ग्रामीण अध्यक्ष नरेंद्र राठौर , शैलेंद्र चौहान ,बंटी चौहान ,आदित्य राठी एवं नगर के वरिष्ठ और सभी सनातनी हिंदू उपस्थित रहे।

# सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती बुधवार को नगर के शासकीय महाविद्यालय में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर कालेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान कालेज प्राचार्य डॉ.सुनीता यादव ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्ष , समर्पण के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सावित्री बाई फुले ने सामाजिक कुरीतियां को दूर करने के बहुत ही संघर्ष किया इस दौरान उनके सामने कई चुनौतियां आई जिनका उन्होंने डटकर मुकाबला किया ओर हार नहीं मानी। सचिन ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए भारत में योगदान विषय पर प्रकाश डाला। विनीत शर्मा ने उनके किए गए कार्यों को विस्तृत समझाया ।कार्यक्रम का संचालन शरद मेश्राम ने किया तथा आभार डॉ कलावती गाडरिया ने माना। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री तिवारी, श्री विश्वकर्मा, राजेश अहिरवार, वर्षा मालवीय तथा महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित था।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

पाठकों के लिए
## पाठक पुरस्कार योजना-2023

**कूपन फार्मेट**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |

**नोट : फार्मेट जमा करने की अंतिम तिथि - 5 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक अपने जिला कार्यालय - संवाददाता एवं हरिभूमि कार्यालय में जमा कर सकते है।**

**नियम एवं शर्तें :-** * हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं । * बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। * इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 24 कूपन (16 सामान्य कूपन एवं 8 मास्टर कूपन ) प्रकाशित किये जाएंगे। * योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। * फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होगे । * राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। * पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । * हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। * किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। * चित्र में दर्शाए गये उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । * हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

**आवश्यक नोट : फार्मेट के साथ आधार कार्ड या पहचान पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।**

**कार्यालय प्रति**

नाम : .............................................. पिता/पति का नाम : .............................................. पता : ..............................................

मोबाईल : ........................ एजेंसी का नाम : .................................................................................. दिनांक ................

**ग्राहक प्रति**

नाम : .............................................. पिता/पति का नाम : .............................................. पता : ..............................................

मोबाईल : ........................ एजेंसी का नाम : .................................................................................. दिनांक ................

### टीएल बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सख्त रुख में नजर आए कलेक्टर

# योजनाओं के पात्रों को न काटना पड़े दफ्तरों के चक्कर: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




संबल योजना में पात्र किसी व्यक्ति की मृत्यु होने की दशा में परिजनों को तत्काल अंत्येष्टी सहायता एवं अनुग्रह सहायता की राषि उपलब्ध करवाई जाए। संबंधित अधिकारी ध्यान रखें कि इस राषि के लिए भटकना न पड़े। अंत्येष्टी सहायता एवं अनुगृह राषि के लिए जो षिकायतें सीएम हेल्पलाईन में लंबित हैं, उनका परीक्षण किया जाए एवं पात्र पाए जाने पर तत्काल सहायता राषि मंजूर की जाए।

उक्त निर्देष टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर ने प्रदान किए हैं। बुधवार को आयोजित इस बैठक में पात्र हितग्राहियों को यथासमय कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए मैदानी अमले के प्रति कलेक्टर का रुख सख्त रहा। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वृद्धावस्था पेंषन योजना का लाभ ले रहे हितग्राहियों का डोर-टू-डोर सत्यापन किया जाए। इस बात की निगरानी रखी जाए कि किसी मृत व्यक्ति के खाते में पेंषन की राषि अंतरित न हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंषन योजना में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों का पंजीयन करवाया जाए। उन्होंने आरसीएमएस में दर्ज राजस्व प्रकरणों के तत्परता से निराकरण के निर्देष भी राजस्व अधिकारियों को प्रदान किए। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बटवारे के प्रकरणों का भी शीघ्रता से निराकण किया जाए। पीएम किसान योजना अंतर्गत जिनके केवायसी नहीं हुए हैं, उनके केवायसी दर्ज करवाए जाएं। सायबर तहसील के माध्यम से जो प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं, उनका निराकरण भी समय-सीमा में किया जाए।

#### अधिकारी संवेदनशील होकर करें कार्य

बैठक के दौरान आकाषीय बिजली, पानी में डूबने, सर्पदंष से मृत्यु जैसे मामलों में आरबीसी 6-4 के तहत दी जाने वाली सहायता राषि के मामलों में भी अधिकारियों को पूरी तत्परता एवं संवेदनषीलता से कार्यवाही के निर्देष कलेक्टर ने प्रदान किए। उन्होंने कहा कि बेसहारा व्यक्तियों की मृत्यु के मामलों में रेडक्रॉस से आवष्यक सहायता राषि उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे मामलों में भी अधिकारी संवेदनषील रहें एवं तुरंत सहायता राषि उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान राषन उपलब्ध कराने के लिए जोड़े गए परिवारों के नामों की रिपोर्ट भी संबंधित अधिकारियों से तलब की।

#### नहरों के पाइप तोड़ने वालों पर नामजद कराएं एफआईआर

क्षेत्र के विभिन्न बांधो से खेतों तक पाईप लाईन बिछाने का कार्य इन दिनों जारी है। लेकिन, कुछ स्थानों पर ग्रामीणों व अन्य द्वारा सिंचाई के लिए डाले गए पाईपों को तोड़ने-फोड़ने के मामले भी सामने आए हैं। कलेक्टर ने ऐसा करने वालों पर नामजद एफआईआर कराने के निर्देष अधिकारियों को दिए।

# घने कोहरे के चलते टमाटर से भरा पिकअप वाहन पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



नेवज के पुल के समीप हुआ हादसा

बीते दो दिनों से पूरा जिला कोहरे की आगोष में समाया हुआ है। रात्रि के समय हाईवे सहित अन्य मार्गों पर विजिबलिटी(दृष्यता) भी काफी कम होने से अक्सर हादसे हो रहे हैं। इसी कड़ी में एनएच-52 पर मंगलवार-बुधवार की रात्रि करीब 3 बजे टमाटर से भरा एक पिकअप वाहन पलटी मार गया। गनीमत से हादसे में जनहानि नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार ब्यावरा से जीरापुर मंडी में जा रहे पिकअप वाहन एमपी-07 जीबी-0543 के चालक ने नियंत्रण खो दिया। वाहन में टमाटर सहित अन्य सब्जियों के केरेट भरे हुए थे। दुर्घटना के बाद सब्जियों के केरेट हाईवे पर बिखर गए। हालांकि, हादसे में किसी को कोई चोंट नहीं आई है। बाद में पलटी मारे वाहन को सीधा करवाया गया।

## स्टार खिलाड़ी अभिषेक इक्का बना प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट



**कुरावर।** सेंट थोमस विंटर लीग भोपाल मे बास्केटबॉल अंडर14 प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को चैंपियंस स्कूल व हॉली एंजेलस किड्स अकादमी स्कूल के बीच शुरू हुआ, जिसमें चैंपियंस स्कूल 30-42 से विजेता रही, हॉली एंजेलस किड्स अकादमी स्कूल की टीम उपविजेता रही। हॉली एंजेलस भलेही विजेता ना रही लेकिन इनका टूर्नामनेट का सफर उत्कृष्ट रहा , प्रथम मैच मे बाल-भवन भोपाल टीम को 35-10 के अंतर से हराया और दूसरे मैच मे सेंट जेवियर स्कूल को 46-20 के विशाल अंतर से हरा दिया । और फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मे चैंपियंस के खिलाफ उपविजेता के रूप मे अपना टूर्नामनेट सफर खत्म किया ,विजेता व उपविजेता टीम को मुख्य अतिथियों व स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। खेल में सबने अपना कौशल दिखाया लेकिन टूर्नामनेट के सर्वश्रेष्ट खिलाडीयो मे हॉली एंजेलस किड्स अकादमी स्कूल का स्टार खिलाडी अभिषेक इक्का 4 गेम्स मे 72 पॉइंट्स के साथ बना प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और उनके टीम के खिलाडी जेन्स , रणवीर , अक्षत, अंकुर, राजेंद्र, राजपाल, निखिल, मृधूल, समीर, कैफ, पृथ्वीराज, यश, अभय, ने भी अपनी प्रबीणता को खेल के दौरान उत्कृष्ट तरीके से दिखाया।

## सावित्रीबाई फुले समाज सुधारक व प्रथम महिला शिक्षिका थीं: पुष्पद



**सारंगपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले को 19 वीं सदी की महान समाज सुधारक माना जाता है। उन्होंने भारतीय समाज में फैली अनेक कुरूतियों को दूर करने के लिए सतत संघर्ष किया। छुआछूत, नारी-शिक्षा, विधवा, विवाह और किसानों के हित के लिए सावित्रीबाई फूले ने कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने महिला शिक्षा के अनेक कार्य किए। माता सावित्रीबाई फुले महान समाज सुधारक वी प्रथम महिला शिक्षिका थी यह बात कार्यक्रम संयोजक लखन पुष्पद ने कहीं कार्यक्रम को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम प्रभारी भाग्यलक्ष्मी दीदी शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय प्राचार्य डा ममता खाइया प्रीती दीदी शिक्षिका शकुंतला देवी पुष्पद फूलमाली महापंचायत प्रदेश महामंत्री ओम पुष्पद ने अपने विचार रखते कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया उन्होंने आगे कहा कि शिक्षित समाज ही उन्नति करता है शिक्षा से ही अज्ञान रूपी अंधकार दूर किया जा सकता है। समाज जनों द्वारा महिलाओं का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया राज्य मंत्री प्रतिनिधि कमलेश टेटवाल का साफा बांधकर स्वागत किया वही प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड भेटकर सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन ओम पुष्पद ने किया तथा आभार महात्मा फुले समता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद ने माना। इस अवसर मुकेरवाडी पंचायत अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद काका, किडी पंचायत अध्यक्ष प्रेमनारायण पुष्पद खारिया पंचायत अध्यक्ष देवनारायण पुष्पद,समाज सचिव एवं पार्षद राकेश पुष्पद तलेनी पंचायत अध्यक्ष जगदीश पुष्पद तारागंज पंचायत अध्यक्ष कमल पुष्पद नवयुवक संघ अध्यक्ष अमित पुष्पद रामचरण पुष्पद, मोतीलाल माली, राधेश्याम बागवान राजु पुष्पद मांगीलाल पुष्पद,,बाबुलाल पुष्पद दिनेश पटेल,, गोकुल पुष्पद नंदा पुष्पद गोरव , मांगीलाल टेलर, रामनारायण पुष्पद गोरीलाल पुष्पद अंकित पुष्पद सुरेश पुष्पद सहित अन्य समाज जन उपस्थित थे।

## स्थानांतरण : कलेक्टर कन्याल सीईओ को पदभार सौंपकर हुए भारमुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर

कलेक्टर किशोर कन्याल का स्थानांतरण भोपाल होने के कारण गुरुवार को उन्होंने कलेक्टर का पदभार जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष कुमार टैगोर को सौंपा। इस दौरान कलेक्टर कन्याल ने कार्यालयीन स्टॉफ से भी मुलाकात की और कहा कि सभी ने कड़ी मेहनत कर योजनाओं एवं कार्यों का बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने सभी से कहा कि वे सहयोग के लिए सभी के शुक्रगुजार रहेंगे। जिला पंचायत सीईओ टैगोर ने कहा कि सभी ने कलेक्टर कन्याल के नेतृत्व में टीम के रूप में काम किया है। आशा करते हैं कि कलेक्टर कन्याल के साथ पुनः काम करने का मौका मिलेगा।



इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर अखिल राठौर, डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले एवं महेन्द्र प्रताप सिंह किरार, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जीएल गुवाटिया, डीपीसी राजेन्द्र शिप्रे, जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, सिविल सर्जन डॉ. बीएस मैना, अधीक्षक भू-अभिलेख नरेश सोनी, कार्यालयीन स्टॉफ में अधीक्षक रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, नाजिर जयंत बघेरवाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिपं सीईओ ने दो अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

**विदिशा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहने वाले दो अधिकारियों को जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने नोटिस जारी कर चार जनवरी तक जबाव मांगा है। ग्राम कोठीचार कलां में 31 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी अमर दाहिया उपस्थित नहीं हुए। उनकी अनुपस्थिति के कारण क्षेत्र की नलजल संबंधी शिकायतों का निराकरण नहीं हो पाया। इसलिए उन्हे शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत दैयरपुर में 31 दिसम्बर को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बिजली कंपनी के जूनियर इंजीनियर प्रफुल्ल गोरखेड़े नहीं पहुंचे।

## गौशाला में गौवंश को गुड़ तेल, दलिया खिलाया



**जीरापुर।** स्थानीय गौ सेवा समिति गौशाला में गौवंश को गुड़ तेल दलिया खिलाया गया।गौसेवा सदन के संस्थापक पंडित कमल किशोर जी नागर की प्रेरणा से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनसहयोग से शीतकालीन सत्र में अभी रक्षा में सेवारत गोवंश को तेल ,गुड दलिया खिलाया गयज्ञ समिति अध्यक्ष श्री नाथ दास टांक की मुख्य उपस्थिति में समस्त सदस्यों ने गौशाला में मोजूद गौमाताओं को गुड़ तेल दलिया भुसा में मिलाकर खिलाया। शीतकाल में लगभग दो तीन बार गौवंश को शीत प्रकोप से बचने के लिए गुड़ तेल मिलाकर खिलाया जाता है ताकि उनके शरीर में गर्मी रहे।वेसे यहां पर प्रतिदिन गौमाताओं की नियमित सेवा कार्य जारी रहता है। इस अवसर पर समिति सदस्य सोहनलाल भावसार, बल्लभ व्यास , दिनेश रेडीमेड,रामेश्वर टांक, घनश्याम भिलाला ,दिनेश जमींदार, घनश्याम टांक,रामप्रसाद बैरिस्टर, मोहनलाल गुप्ता ,नवनीत जुलानिया, दिनेश गुप्ता, परमानंद गुप्ता,नीरज गागोरनी, सत्यनारायण गुप्ता,भगवान भावसार आदि मौजूद रहे।

#### कैंट गौशाला में कांग्रेस प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

**गुना।** तमाम कोशिशों के बावजूद जिलेभर में गौवंश की दुर्दशा सुधर नहीं रही है। कैंट स्थित गौ शाला पर बुधवार को कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल अचानक जा पहुंचे। वहां पहुंचकर पार्षदों ने गौ माताओं को दिए जा रहे चारा भूसे का निरीक्षण किया। इस दौरान नपा में नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने बताया कि विगत सप्ताह सप्लाई आया भूसा गुणवत्ता पूर्ण नहीं है। वहां गेहूं और सोयाबीन के भूसा तो पहले के कोटे का मौजूद था जो चारा के उपयोग में लाया जा रहा है लेकिन फिलहाल जो बीते दिनों भूसा आया है।

## 7 को क्षत्रिय राजपूत विकास संगठन का प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह

### तैयारियों को लेकर बैठक का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीप 85 मिल हनुमान मंदिर पर राजपूत समाज की ब्लाक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम समिति केंद्र समिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए।

बैठक में आगामी 7 जनवरी को होने वाले सम्मान समारोह में सभी सामाजिक जन अधिक संख्या में पहुँचे जिसमे घर घर कार्ड वितरण प्रतिभावान सामाजिक जनो की सूची सहयोग राशि आदि पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष बद्रीलाल राजपूत ने अपने सम्बोधन में कहा है कि क्षत्रिय राजपुत विकास संगठन समाज के हर मूल उद्देश्य पर काम करेगा और सबसे पहले हमें समाज के हर वर्ग तक संगठन के उद्देश्य को पहुँचाना है संगठन का मूल उद्देश्य समाज मे शिक्षा, सामाजिक संस्कृति, समाज के युवाओं को रोजगार प्रदान करने जैसे कामो को प्राथमिकता से पूरा करना है साथ ही समय समय पर सब से मिलकर समाज के आवश्यक काम किये जावेगे आदि। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बद्रीलाल राजपूत, हेमराज सिंह, जिला महामंत्री भगवान सिंह, इकलेरा तहसील अध्यक्ष चन्द्रसिंह ठाकरे, केंद्र अध्यक्ष अनिल राजपूत ग्राम अध्यक्ष भारतसिंह सूरजसिंह मुकेश, हीरासिंह, गिरिराज, नितेश सहित समाज जन मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं ने दी जिलाध्यक्ष गुर्जर को जन्मदिन की बधाई



**ब्यावरा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर के जन्मदिन के मौके पर जिले भर के भाजपा नेता पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों ने अपने लाडले भाजपा जिला अध्यक्ष को उनके गांव लिंबोदा पहुंचकर जन्मदिवस की बधाई शुभकामनाएं दी फूल माला पहनकर उनका अभिनंदन किया। ज्ञान सिंह गुर्जर के नेतृत्व में राजगढ़ जिले में भारतीय जनता पार्टी के पांचो उम्मीदवारों ने विजय हासिल की गुर्जर की कर शैली और कुशल संगठन क्षमता को प्रदेश नेतृत्व में भी प्रोत्साहित किया।शीर्ष नेतृत्व को उन्होंने राजगढ़ जिले से विजय श्री के कमल भेट किए। कार्यकर्ताओं में एक अलग ही छवि गुर्जर की है कार्यकर्ताओं के बीच लिबरल छवि के रूप में जाने जाते हैं। जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए हमेशा खड़े रहने वाले लोकप्रिय जिला अध्यक्ष का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। ब्यावरा से भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राजू यादव युवा मोर्चा के जिला मंत्री चंदन जादौन मयूर गुप्ता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गिर्राज लववंशी पिछडा मोर्चे के महामंत्री अशोक सेन बड़ी संख्या में ब्यावरा विधानसभा से भाजपा कार्यकर्ताओं ने और नेताओं ने उनके गृह गांव पहुंचकर उनको बधाई दी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया आयोजन



**सुठालिया।** नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन बुधवार दिनांक 03 जनवरी 2024 को जीन ग्राउंड बस स्टैंड पर हुआ जिसमें शासन से सम्बंधित समस्त योजनाओं के हितग्राहि उपस्थित रहे एवं जनप्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारियों द्वारा संबल योजना के अंतर्गत 07 हितग्राहियों को संबल कार्ड वितरण किये गए पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया एवं विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किये इस मौके पर सी एम ओ इकरार अहमद द्वारा निकाय द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन मुख्य लिपिक वीरेन्द्र चक्रवर्ती द्वारा किया गया कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गिरिराज लोधी भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक अग्रवाल मण्डल अध्यक्ष पदम सिंह लोधी रघुवीर सोंधिया माधवी सिंह परमार, पार्षद दुल्ला शाह, आकाश अग्रवाल, मोरसिंह कुशवाह, दिनेश वर्मा,शिवकुमार प्रजापति सहित अनेक नागरिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### बीमारी से परेशान व्यक्ति ने की आत्महत्या

**विदिशा।** जतरापुरा में रहने वाले 45 वर्षीय शख्स ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की। आत्महत्या करने वाले शख्स की पहचान मोहन विश्वकर्मा के रूप में की गई है। जिसके दो बच्चे और पत्नी हैं। पड़ोसियों ने आशंका जताई कि मोहन ने बीमारी से परेशान होकर यह आत्मघाती कदम उठाया है। आत्महत्या की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम करके जांच में जुट गई है। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने बताया कि मोहन को दो से तीन अटैक आ चुके थे, जिसका वह ऑपरेशन करा चुका था। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी , जिसके कारण वह ठीक से इलाज नहीं करवा पा रहा था।

### जिस तरह हटाया था सामान सा सम्मान वापस पहुंचाया उसी जगह पर

# सड़क पर बैठे अतिक्रमणकारियों पर नपा ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

मंगलवार सुबह नगर पालिका अमले ने नगर पालिका के ठीक सामने बैठे अतिक्रमणकारियों का सामान उठाकर जप्त किया था, कई बार समझाने देने के बाद भी यह लोग अतिक्रमण कर अपना काम धंधा कर रहे थे, नगर पालिका की ओर से कई बार समझाइस दी गई लेकिन यह मानने को तैयार नहीं हुए, फिर मजबूरन नगर पालिका अमले को इनका सामान उठाकर जप्त करना पड़ा ।नगर पालिका राजस्व निरीक्षक पूर सिंह दांगी ने बताया कि नगर पालिका के सामने आए दिन झगड़ा और विवाद की स्थिति निर्मित होती थी जिसकी कई बार शिकायतें भी नगर पालिका में आई है कई बार आसपास के दुकानदारों ने इन लोगों की शिकायतें भी की थी जिसके तहत इन लोगों को कई बार समझाया भी गया लेकिन यह मानने को तैयार नहीं हुए हमें मजबूरन इनका सामान जप्त करना पड़ा।

**राजनीतिक रसुख के आगे नगर पालिका हुई नतमस्तक :** जिस अंदाज में और अधिकार से नगर पालिका अमले ने इन अतिक्रमणकारियों का सामान उठाकर जब्त किया था ठीक एक दिन बाद वापस राजनीतिक रसूल के चलते उन लोगों का सामान उसी जगह पर वापस स सम्मान पहुंचा दिया गया, और तो और जिन अधिकारियों ने व कर्मचारियों ने सामान को उठाकर ट्राली में पटका था उन्ही कर्मचारियों ने वापस समान उतार कर रखा है। यह पूरा घटनाक्रम नेहरू पार्क के सामने नगर पालिका ऑफिस के ठीक सामने सड़क पर अपना धंधा करने वाले अतिक्रमणकारियों का है। जिन्होंने सीना ठोक कर नगर पालिका की नाक के नीचे एक तो अतिक्रमण किया हुआ है ऊपर से राजनीतिक रसूख के चलते नगर पालिका के सामने से नहीं हटने की जिद भी की है।

#### अब आगे क्या होती है कार्रवाई

अब देखना यह है कि नगर पालिका आमला इन पर क्या कार्रवाई आगामी दिनों में करता है या फिर इसी तरह नगर के हालात अतिक्रमण की चपेट में आने से बद से बत्तर होते हैं।



#### शिकायत के ऊपर की थी कार्रवाई

*नगर पालिका में आए दिन इन लोगों की शिकायतें पहुंचने से नगर पालिका अमला काफी दिनों से परेशान था इस कारण नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को लोगों का सामान उठाकर जप्त किया था। चारों ओर ठेले और इसी तरह अपनी मनमानी कर बीच सड़क पर बैठकर आवा गमन अवरुद्ध करने वाले इन अतिक्रमणकारियों के हौसले इस कदर बुलंद है कि यह किसी की सुनने को तैयार नही है, अब तो इनको राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त हो चुका है जिसका फायदा उठाकर यह लोग दबंगाई से बीच रास्तों पर सड़क अवरुद्ध कर अपना धंधा कर रहे हैं। सिस्टम जाए भाड़ में आम जनता को परेशानी होती है तो हो हमें हमारे धंधों से मतलब नगर पालिका अमले ने जब इनका सामान उठाकर जप्त किया तो अगले ही दिन नगर पालिका को वापस इनका सामान यथा स्थान पहुंचाना पड़ा क्यों की इन सभी को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।*

#### गुना की मल्लविका भगत को डॉक्टरेट की उपाधि

**गुना।** कैरियर पॉइंट विश्वविद्यालय, कोटा ने मल्लविका भगत को उनके शोध कार्य ₹इम्पैक्ट ऑफ सीजनल वेरियशन एंड वॉटर क्वालिटी आन बायोडाइवरसीटी ऑफ इक्थायोफोना ऑफ गोपी कृष्ण सागर डैम, गुना₹ पर डाकट्रेट की उपाधि प्रदान की है। डाक्टर मल्लविका भगत ने यह शोध कार्य कोटा की प्रसिद्ध पर्यावरणविद व प्राणीशास्त्र विख्यात डॉ. मंजू शर्मा के मार्गदर्शन में किया। यह शोध कार्य गोपी कृष्ण सागर डैम व चोपन नदी में विभिन्न मौसम में पाए जाने वाली मछलियों की प्रजातियों तथा उन पर डैम के जल के प्रभाव पर किया गया है। मछलीयों की संख्या पर जल की गुणवक्ता के प्रभाव बताये। डैम के जल प्रबंधन के लिए उनके द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिये गए हैं ताकि डैम व चोपन नदी में पाये जाने वाली मछलियों की प्रजातियों की सुरक्षा की जा सके। उन्होने बताया गोपी कृष्ण सागर डैम पर 44 प्रकार की मछलियाँ पाई गई। सर्दी के मौसम में इनकी संख्या ज्यादा हो जाती है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत दुपाड़िया में होगा प्राण-प्रतिष्ठा और पंच कुंडिय महायज्ञ

**आष्टा।** आष्टा विधान सभा के ग्राम दुपाड़िया में श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। और इस विशाल और भव्य आयोजन के लिए ग्राम दुपड़िया के वासियों ने युद्ध स्तर पर तैयाररिया शूरू कर दी हैगोरतलब है दुपाडिय में होने जा रहे इस विशाल और भव्य प्राण प्रतिष्ठा और पंच कुंडिया महायज्ञ में आसपास से बड़ी संख्या में भक्तो की पहुंचने की संभावना है। इस धार्मिक आयोजन में सिहोर के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेंद कुमार शास्त्री और फरड़ वाले यज्ञाचार्य पंडित मोहन शास्त्री प्रमुख से शामिल होंगे। वहीं 7 दिनो तक होने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन कई तरह के धार्मिक और संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया की 16 तारीख को कलश यात्रा और पंचांग कम मंडप प्रवेश होगा तो 17 जनवरी को मंडप स्थापना अग्नि स्थापन मंडप पूजन के साथ अगले दिन 18 जनवरी को पूजन हवन होगा तो के साथ अंतिम दिन 22 जनवरी को पूजन हवन, न्यास पूर्ण आहूति और महाप्रशादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान दुपाडिया , टांडा, मालीखेड़ी, मूंदीखेड़ी, छापरी, केवखेड़ी, चाचाखेड़ी लसूडिया सुखा के ग्रामीणों ने इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की हे।

### टास्क फोर्स समिति का किया गठन

**सीहोर।** आयुक्त स्वास्थ्य सेवायें एवं मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन टीकाकरण द्वारा दिये गये निर्देशानुसार शहरी टास्क फोर्स समिति गठित किया जाना है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने शहरी टास्क फोर्स समिति का अध्यक्ष नगर पालिका अधिकारी सीहोर को बनाया गया है। समिति सदस्यों में नगर पालिका हेल्थ अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी अधिकारी, जिला जनसम्पर्क अधिकारी, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक,प्रतिनिधि WHO, UNICEF, IAP, IMA एवं अन्य संस्थायें और अन्य प्रतिनिधि सदस्य होगें।

### धूमधाम से मनाया भगवान श्री राम का जन्मोत्सव, जमकर झूमे श्रद्धालु

# जिस घर में भजन बढ़ेगा वहां कलयुग, अधर्म कभी भी पैर नहीं रख सकता: गोविंद जाने





उत्साह और उमंग के साथ माता-बहनों ने रामलाल के जन्म का स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिवस पर संत श्री गोविंद जाने श्रवण के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा शीतलहर होते हुए भी हजारों की भारी संख्या श्रवण करता पहुंचे पंडाल में बैठने के लिए जगह कम पड़ गई वही आज श्री राम जन्मोत्सव मनाया गया बहुत ही उत्साह और उमंग हर्षोल्लास के साथ माता बहनों ने रामलाल के जन्म का स्वागत किया। इस अवसर पर संत श्री ने कहा कि युग चार प्रकार के होते हैं- सतयुग,त्रेतायुग, द्वापरयुग, कलयुग। इन सब युगों का अपना अलग महत्व है। इनकी समय और काल अवधि अलग-अलग है। यह ऋतुओं के जैसे समय-समय पर बदलते रहते हैं। संत तुलसीदास ने कहा है, कलयुग केवल नाम अधारा, सिमर-सिमर नर उतरहिं पारा₹ अर्थात कलियुग में केवल भगवान के नाम का जाप ही मनुष्य को संसार के गहरे समुद्र से पार लगाने के लिए पर्याप्त है। भगवान के दिव्य नाम का जाप जन्म और मृत्यु के इस चक्र से आनंद, शांति और मुक्ति देगा, जहां सत्कर्म होगा वहां भजन बढ़ेगा और जिस घर में भजन बढ़ेगा वहां पर कलयुग और अधर्म कभी भी पैर नहीं रख सकता। सन्यासी आश्रम से ग्रहस्त आश्रम श्रेष्ठ माना जाता है सन्यासी मैं व्यक्ति भगवान के चरणों में होते हैं परंतु ग्रस्हत जीवन में पूरे परिवार का एक-एक व्यक्ति भगवान की कृपा से कार्यकर्ता है। एक बार राजा के मन में बड़ी ग्लानि हुई कि मेरे पुत्र नहीं है। राजा तुरंत ही गुरु के घर गए और चरणों में प्रणाम कर बहुत विनय की। जीवन में सद्गुरु के बताए हुए मार्ग पर ही कार्य करना चाहिए पूरी धरती और अयोध्या दशरथ जी के अधीन थी परंतु दशरथ जी अपने सद्गुरु के अधीन थे। जीवन का हमारा जो पाठ है वह मंगलाचरण होना चाहिए स्वयं के चरित्र पर चित्रण करना अपनी बुद्धि अपने सत्कर्म पर ध्यान देना स्वयं को अंतर आत्मा से पहचाना हम किस पार्टी के हैं कुकर्म करेंगे तो रावण दल के कहलाएंगे और सत्कर्म और धर्म करेंगे तो राम दल के कहलाएंगे। हमारा मार्ग हमें स्वयं ही दिखता है बस निर्भर यह करता है कि हम चले कि मार्ग पर, गुरु वह कहलाता है जिसके पास बैठने से हमारे मन में सत्कर्म और अच्छे आचरण मिले और मां को शांति मिले जहां बैठकर व्रत गंगा तीर्थ का ध्यान हो ऐसा व्यक्ति की संगत से वह संत होता है। जिनका नाम सुनने से ही कल्याण होता है, वही प्रभु मेरे घर आए हैं। राजा का मन परम आनंद से पूर्ण हो गया। उन्होंने बाजे वालों को बुलाकर कहा कि बाजा बजाओ। वही राम जन्मोत्सव पर पूरे पंडाल को रंग-बिरंगे फूल पत्तियों से सजाया गया ढोल ढोल धमाके के साथ पटाखे फोड़ कर धूमधाम से मनाया इस अवसर पर अनोखी लाल खंडेलवाल , कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, नपा प्रतिनिधी राय सिंह मेवाड़,युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष धारवा, पार्षद रवि शर्मा,बंटी मेवाड़ा, पवन सैन,राजा मेवाड़ा , चेतन सिंह ठाकुर ,मीडिया प्रभारी जुगल पटेल, चेतन वर्मा, धीरप पटेल, जटाल सिंह, भगवती सोनी, सुदीप जायसवाल,सांध्य बजाज, डा मीना सिंगी,जितेंद्र सिरोठिया ,टीना पांचाल, श्राद्ध नागर शाजापुर, मनीष नागर, चन्दर ठेकेदार, मनीष धारवा,शैलबाला शर्मा,सुनील आर्य, राधेश्याम दाऊ,सुनील केलिया,राजेंद्र चेयरमैन,अभिषेक पटेल, डा रतन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने एक साथ सटोरियों के ठिकानों पर दी दबिश

**8 सटोरियों से 8310 रुपए किए जब्त**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा पुलिस द्वारा एक ही दिन अलग-अलग टीम बना कर सटोरियों के कई ठिकानो पर एक साथ दबिश दी गई। इस दौरान 8 सटोरियों से 8310/- नगदी जब्त और एक लाख रूपए से अधिक के सट्टे का हिसाब जप्त किया गया। सभी सटोरियों को गिरफ्तार कर कार्यपालिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा इस आशय के निर्देश इकाई के समस्त थाना प्रभारियों को दिये गए है कि जुआ-सट्टा चलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। इसी के तारतम्य मे थाना आष्टा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आष्टा आकाश अमलकर के मार्गदर्शन मे कार्रवाई करते हुए निम्नलिखित कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित अलग-अलग टीमों द्वारा सटोरियो के अलग-अलग ठिकानो पर दबिश दी गई और आठ सटोरियों को दबोचा। जिनके कब्जे से 8310 नगदी, एक लाख रूपए से अधिक के सट्टे का हिसाब व सट्टा सामग्री जप्त कर पृथक-पृथक प्रकरण तैयार किये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर सभी सटोरियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुये धारा 151,107,116 (3) जा.फौ. का कायम कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। नफीस खां पिता रफीक खां नि. लंगापुरा आष्टा, जितेन्द्र राठौर पिता सूरेश राठौर नि. सेमनरी रोड आष्टा, विनोद कुमार मेवाडा पिता नारायण सिंह मेवाडा नि. डोराबाद, सफीस खां पिता रफीक खां नि. लंगापुरा आष्टा, सानू उर्प सनब्बर पिता रशीद राई नि. तरपोलिया आष्टा, कमलेश श्रीवास्तव पिता संभूदयाल श्रीवास्तव नि. इंद्रा कालोनी आष्टा, सलीम उर्फ राजा पिता बाबूशाह नि.ताजपुरा रोड इस्लामपुरा, अकील पठान पिता हबीबउल्ला पठान नि. पुराना दशहरा मैदान आष्टा शामिल है।


उक्त कार्रवाई में निरी. पुष्पेन्द्रसिंह राठौर थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक दिनेश यादव, अनिल डोडियार, अपर्णा भट्ट, सहायक उपनिरीक्षक हुल्लास वर्मा, प्रधान आरक्षक- चंद्रशेखर राम, अशोक यादव आरक्षक संजय, जितेन्द्र ,धीरज, शैलेन्द्र, हरिओम, राजेश,सतीश, जितेन्द्र, सैनिक श्यामलाल, सजनसिंह, चंदरसिंह, गेंदालाल रोहित सेन, कमल परमार, आदि। की अहम भुमिका रही।

### ई-केवायसी कराने के निर्देश

**सीहोर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल रूपये 06 हजार की राशि 03 समान किश्तों में प्रदान की जाती है। योजनांतर्गत हितग्राहियों की लैण्ड लिंक, आधार एवं बैंक खाता डीबीटी के लिए इनेबल, ई-केवायसी की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किया जाना अनिवार्य किया गया। इस संबध में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने गत दिवस जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को निर्देश कि किसानों को योजना के तहत जारी होने वाली 16वी किस्त के लिए आधार, बैंक खाता लिंकिंग, ई-केवायसी एवं लैंड लिंक की कार्यवाही शीघ्र कराये। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कैंम्प आयोजित कर कार्यवाही शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के भी निर्देश दिये गये है। कार्यवाही पूर्ण करने के लिए पीएम किसान सेचुरेशन ड्राइव का 15 जनवरी 2024 तक क्रियान्वित किया जाना है। किसानों की ई-केवायसी के लिए कलेक्टर श्री सिंह ने कहा है कि इसके लिए जिला स्तर पर नोडल अफिसर सहा. अधीक्षक भू-अभिलेख सत्यनारायण मालवीय मोबाइल नंबर 7400512961 ग्राम स्तर पर नोडल अफिसर की आईडी बनाना पीएम किसान योजना के एक्टिव हितग्राही एवं ई-केवायसी, एनपीसीआई के लंबित हितग्राहियों के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प का आयोजन किया जाए। 23 से 25 दिसम्बर तक छूटे हुए पात्र हितग्राहियों एवं अपात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन किया जाना है।

## 210 मरीजों का किया निःशुल्क दंत परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व सिविल सर्जन एवं पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल शर्मा की स्मृति में 03 जनवरी को निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. अभिषेक शर्मा द्वारा 210 मरीजों के दांतों की जांच की गयी.शिविर में परीक्षण के बाद मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएँ भी दी गईं।निःशुल्क दंत जांच शिविर के बारे में जानकारी देते हुए नहर रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक शर्मा ने बताया कि साईं ज्योति क्लिनिक, गंगा आश्रम पिछले 5 वर्षों से उनके पिता की स्मृति में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रहा है. यह इस वर्ष आयोजित छठा शिविर है। साथ ही इस शिविर में निःशुल्क दवाएँ भी वितरित की गईं।

### राज्य रूपंकर कला पुरस्कार लिए कलाकृतियां आमंत्रित, अंतिम तिथि 15 जनवरी निर्धारित

**सीहोर।** उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी, संस्कृति परिषद्, द्वारा मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी-2024 का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी द्वारा ख्यातिलब्ध कलाकारों के नाम से स्थापित रूपंकर एवं ललित कलाओं के दस पुरस्कारों के लिए कलाकृतियाँ आमंत्रित की जा रही हैं। प्रत्येक पुरस्कार की राशि 51,000 निर्धारित है। प्रदर्शनी में तीन कलाकृतियाँ मान्य की जायेगी तथा 25 से 55 वर्ष तक की आयु के कलाकार भाग ले सकेंगे। कलाकारों की मौलिक कलाकृतियाँ जो जनवरी 2022 के बाद सृजित हो मान्य की जायेगी। कला प्रदर्शनी की विवरणिका शासकीय अकादमी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कलाकृतियाँ उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, भोपाल में 15 जनवरी, 2024 सायंकाल 5 बजे तक जमा होंगी।

# नपा की अतिक्रमण हटाओ मुहिम: बस स्टैंड से टीम ने हटाया कब्जा, कहा-फिर से न करें अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



एक बार फिर से नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू की। 3 से 6 के बीच में सीएमओ की उपस्थिति में नपा की टीम ने बस स्टैंड अतिक्रमण हटाया। साथ ही पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग के दुकानदारों को भी चेतावनी दी कि वह सड़क पर अतिक्रमण न करें, नहीं तो हटा दिया जाएगा। दरअसल, पूरे शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर अतिक्रमण की भरमार है। अतिक्रमण के कारण आम लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।

कई बार प्रशासन नगर पालिका ने मुहिम चलाई, लेकिन कारगर साबित नहीं हुई, क्योंकि प्रशासन नगर पालिका ने अभी तक कोई ठोस प्लान नहीं बनाया। इस कारण प्रशासन नपा अतिक्रमण तो हटवाता है, लेकिन फिर से अतिक्रमण हो जाता है। शहर के एकमात्र बस स्टैंड भी अतिक्रमण से घिरा हुआ है। यहां पर अतिक्रमण के कारण सबसे ज्यादा यात्री बस चालकों को परेशानी उठाना पड़ती है। दुकानदारों ने बरामदों को भी अपने कब्जे में ले लिया है। कई बार नगर पालिका ने चेतावनी दी, लेकिन अभी तक दुकानदारों ने बरामदे खाली नहीं कराए हैं। इसी को लेकर आज सीएमओ अपनी टीम के साथ बस स्टैंड पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि वह आम नागरिकों के घूमने फिरने के बरामदों पर कब्जा ना करें। शहर के कन्नौद रोड पर भी सर्वाधिक अतिक्रमण के कारण इस मार्ग पर वाहन चलाना परेशानी का कारण बनता जा रहा है। दुकानदारों ने दोनों और अतिक्रमण कर रखा है, इधर ट्रैक्टर-ट्रालियां और अन्य वाहन खड़े रहते हैं। इस कारण मार्ग काफी सकरा हो गया है। इसी तरह बुधवारा, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी मार्ग, पुराना बस स्टैंड, भोपाल नाका, अलीपुर सहित कई मार्ग और चौराहे भी अतिक्रमण की चपेट में है।

सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि शहर में जहां-जहां अतिक्रमण है, चिन्हित किया जा रहा है जल्द ही अतिक्रमण हटाया जाएगा। आज भी बस स्टैंड के दुकानदारों को बरामदा का अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है। अगर लोग अतिक्रमण नहीं हटते हैं, तो फिर हमें सख्ती से हटाना पड़ेगा।

### पिछड़ी जनजाति समुदायों के लिए राज्य स्तरीय अपेक्स कमेटी का गठन

**सीहोर।** राज्य शासन ने विशेष पिछडी जनजाति समुदायों के लिए लागू की गई प्रधानमंत्री जन-मन योजना/मिशन के अन्तर्गत संबंधित विकास विभागों द्वारा कार्य योजना तैयार करने, योजना का सुचारू क्रियान्वयन, समन्वय, अभिसरण एवं अनुश्रवण करने के लिये राज्य स्तरीय अपेक्स कमेटी का गठन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया गया है। समिति में अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास ,लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वन, एवं प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा, उर्जा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा सदस्य होंगे। अपर मुख्य सचिव, जनजातीय कार्य, सदस्य सचिव होंगे।

# महिला मंडल ने भक्तांबर जी का पाठ कर 48 दीपों से उतारी आरती




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नए साल का आगाज जैन समाज ने अनोखे तरीके से इस वर्ष भी किया। जय जिनेंद्र महिला मंडल द्वारा श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज में रात को श्री भक्तांबर जी का पाठ करके 48 दीप प्रज्वलित कर बड़े बाबा भगवान आदिनाथ जी सहित मंदिर में विराजमान सभी भगवानों की महाआरती भक्ति भाव के साथ की गई। महाआरती के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। श्री चंद्रप्रभु मंदिर गंज में बड़े बाबा भगवान आदिनाथ जी के दरबार में जय जिनेंद्र महिला मंडल के द्वारा भक्तांबर जी का पाठ करके नव वर्ष पर 48 दीपों को सजाकर महा आरती की गई। इस अवसर पर समाज की काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थीं।

### सिविल अस्पताल में कोरोना के लिए वार्ड किया तैयार, दवा और कीट भी उपलब्ध

# बदला मौसम, सर्दी-खांसी के बढ़े मरीज, अलर्ट मोड पर स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बदलते मौसम के कारण सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। कोरोना संक्रमण के वापस लौटने से ऐसे मरीजों पर स्वास्थ्य विभाग निगरानी कर रहा है। जल्द विभाग सैंपलिंग भी शुरू करने वाला है। स्वास्थ्य विभाग ने इसको लेकर अलर्ट जारी कर दिया है, सैंपलिंग के लिए किट एवं दवा आई है। निर्देश आते ही संदिग्धों की सैंपलिंग शुरू की जाएगी।सिविल अस्पताल आष्टा में भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कोविड महामारी के लिए व्यापक इंतजाम पूर्ण किए गए, जिसमें डेडिकेटेड कोविड वार्ड के साथ -साथ कोविड की जाँच एवं रोकथाम हेतु आवश्यक सामग्री आदि का प्रबंधन पूर्ण किया गया।

अस्पताल के स्टोर प्रभारी प्रमोद परमार ने जानकारी में बताया की पी.पी.ई. किट, एन -95 मास्क, सर्जिकल मास्क, ग्लव्स, ऑक्सीजन मास्क, फ़्लोमीटर, ऑक्सीजन सिलिंडर सहित सभी सामग्रियों की उचित व्यवस्था कर ली गई, डॉ सुरेश कुमार माहौर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी ने भी कोविड उपचार की संपूर्ण व्यवस्था की पुष्टि की । आष्टा का स्वास्थ्य अमला कोरोना को लेकर शुरू से अलर्ट रहता है। यहां बाहरी लोगों का आवागमन काफी ज्यादा है। इलाज के लिए भी देवास और शाजापुर जिले से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आष्टा में आते है, ऐसे में संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। स्वास्थ्य विभाग ने सर्दी-खांसी और कोरोना के लक्षण वाले मरीजों की निगरानी तेज कर दी है। स्वास्थ्य विभाग ने संदिग्धों की सैंपलिंग के निर्देश दिए है। विभाग का कहना है कि शीघ्र ही संदिग्धों की सैंपलिंग शुरू कर दी जाएगी। सैंपल लेने के बाद भी जांच रिपोर्ट आने में समय लगता है। आरटीपीसीआर के लिए सैंपल बाहर भेजे जाते हैं। यहां सैंपल बढ़ने पर परेशानी होती है। हालांकि अभी जिले में कोरोना का एक भी संदिग्ध मरीज नहीं है। कोरोना संक्रमण और संदिग्धों के इलाज के लिए सिविल अस्पताल में तैयारी हो गई है।

दो बार विभाग मॉक ड्रिल कर चुका है, ताकि आपात स्थिति में त्वरित इलाज किया जा सके। डॉ प्रवीर गुप्ता सिविल सर्जन ने बताया कि अस्पताल में आईसीयू संचालन की जांच हो गई है। अफसरों ने इसकी निगरानी की है। यहां ऑक्सीजन की भी कोई कमी नहीं है। ऑक्सीजन प्लांट से पूरे अस्पताल में ऑक्सीजन सप्लाई हो रहा है।

# ग्राम पाटन में निकली अक्षत कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा में निमंत्रित करने के लिए पूजित अक्षत कलश यात्रा ग्राम पाटन में निकाली गई। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अक्षत आमंत्रण ग्राम पाटन के राम मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के सभी मोहल्ले के सभी ग्राम वासियों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में आने के लिए आमंत्रित किया। सभी को 22 जनवरी को दीपावली मनाने का अनुरोध किया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव में उत्साह देखने को मिल रहा है। गांव में जय श्री राम के नारे और भजन के साथ निमंत्रण दिया जा रहा है।